दैनिक न्याय साक्षी



# 'क्षितिज अपार संभावनाएं' योजनान्तर्गत दिव्यांग श्रेणी के छात्र-छात्राओं को चेक प्रदान कर कलेक्टर ने किया प्रोत्साहित

- शादी में प्राप्त नगद राशि को मानिकपुरी ने वृद्धाश्रम को किया दान
- रोजगार मेला में पहुंचने राजकुमारी का सहयोग करेगा जिला प्रशासन
- विमला पटनायक का मौक पर बना राशन कार्ड
- कलेक्टर सिन्हा ने जनचौपाल में सुनी जनसामान्य की समस्याएं
- अधिकारियों को दिए आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित जन चौपाल में विकासखंड पुसौर ग्राम बाराडोली निवासी दिव्यांग राजकुमारी सिदार रोजगार मांग के संबंध में आवेदन लेकर जनचौपाल पहुंची थी, उन्होंने बताया कि वह दिव्यांग एवं बेरोजगार है, साथ ही घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नही है। उन्होंने बताया कि बीसीए तक की शिक्षा प्राप्त की है एवं रोजगार की आवश्यकता है। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने तमनार में आयोजित होने वाली रोजगार मेला की जानकारी दी। राजकुमारी की दिव्यांगता एवं तमनार की दूरी को देखते हुए रोजगार मेला आने-जाने के लिए वाहन व्यवस्था करने समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारी को उनके बेरोजगारी भत्ता का फार्म भरवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार विनोबा नगर वार्ड निवासी विमला पटनायक राशन कार्ड बनाने आवेदन लेकर जनचौपाल पहुंची थी, कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य अधिकारी द्वारा मौके पर पात्रतानुसार अन्त्योदय राशन कार्ड बना कर प्रदान कर दिया गया। राशन कार्ड प्राप्त होने पर विमला पटनायक ने कलेक्टर सिन्हा को धन्यवाद ज्ञापित किया।

आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर सिन्हा ने जनसामान्य से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। आज आयोजित जन चौपाल में लगभग 96 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जन सामान्य की समस्याओं मांग एवं शिकायत के प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनपद पंचायत लैलूंगा के ग्राम पंचायत मुड़ागांव सरपंच नहरमती नाग उप स्वास्थ्य केन्द्र मुड़ागांव के पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता के अनुपस्थिति के संबंध में जनचौपाल में शिकायत की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता डिलेश्वर पैंकरा की नियुक्ति होने के बाद से अनुपस्थित है, जिससे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के ग्रामवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी सूचना विभागीय अधिकारी को दी गई है। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ता के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की। कलेक्टर सिन्हा ने आवेदन की जांच कर कार्यवाही के निर्देश सीएमएचओ को दिए।

जूटमिल निवासी सीमा टण्डन पट्टा प्रदान करने की मांग को लेकर जनचौपाल में आयी थी, उन्होंने बताया कि 70-75 वर्षो से उस भूमि पर निवासरत है, उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से उक्त भूमि का पट्टा प्रदान करने का अग्रह किया। कलेक्टर सिन्हा ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार परीक्षण कर विधि अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विकासखंड घरघोड़ा के ग्राम कमतरा के ग्रामीणों ने सरपंच पर शासकीय उचित मूल्य दुकान के चावल गबन की शिकायत जनचौपाल में की। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित की जा रही है। मार्च माह में गांव-गांव जाकर राशन कार्ड धारियों का फिंगर लेकर चना, शक्कर दिया गया तथा कुछ हितग्राहियों का फिंगर लेकर भी नही दिया गया। उन्होंने राशन दिलवाने हेतु उचित कार्रवाही की मांग की। कलेक्टर सिन्हा ने आवेदन के निराकरण के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। ग्राम उर्दना निवासी राधिका प्रसाद अपने भूमि सीमांकन एवं नक्शा दुरूस्ती की रिपोर्ट हल्का पटवारी को नहीं प्रस्तुत करने के संबंध में शिकायत आवेदन लेकर जनचौपाल पहुंची थी। उन्होंने बताया कि पूर्व में सीमांकन के लिए आवेदन किया था, सीमांकन करने पर अतिक्रमण पाया गया था। आवेदन पर हुए सीमांकन एवं नक्शा दुरूस्ती हेतु तहसील कार्यालय जा रहे है, किन्तु संबंधित बाबू द्वारा बताया गया कि हल्का पटवारी ने सीमांकन रिपोर्ट प्रस्तुत नही किया गया। जिससे उन्हे काफी परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है। उन्होने उचित कार्रवाही करते हुए सीमांकन रिपोर्ट एवं नक्शा दुरूस्त कराने की मांग की। कलेक्टर सिन्हा ने तहसीलदार रायगढ़ को आवेदन पर आवश्यक कार्रवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आज आयोजित जन चौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भूअर्जन, विद्युत, शिक्षा, वनअधिकार पत्र, पेंशन, राशन आदि के आवेदन भी आए हुए थे, जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने संबंधित विभागों को प्राप्त आवेदनों की जांच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर डीआर रात्रे एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**शादी में प्राप्त नगद राशि को मानिकपुरी ने वृद्धाश्रम को किया दान -** अमूमन जनचौपाल में शिकायत और मांगों को ही लेकर लोग पहुंचते है लेकिन आज कोतरा रोड़ रायगढ़ निवासी मोहन दास मानिकपुरी जनचौपाल तो पहुंचे लेकिन कुछ मांग लेकर नहीं बल्कि कुछ देने पहुंचे थे। मानिकपुरी ने जनचौपाल में पहुंचकर कलेक्टर सिन्हा के माध्यम से बेटे की शादी में प्राप्त संपूर्ण नगद राशि को वृद्धजनों की सेवा के लिए वृद्धाश्रम को दान किया। मानिकपुरी ने बताया कि पूर्व से संकल्पित थे कि बेटे की शादी के प्राप्त नगद राशि को समाज के लिए दान करेंगे, आज उन्हें खुशी हो रही है। कलेक्टर सिन्हा ने मानिकपुरी से कहा कि आपके द्वारा किया गया यह कार्य समाज के लिए अच्छी एवं प्रेरणादायक पहल है।

**कलेक्टर सिन्हा ने प्रतिभाशाली छात्रों को चेक प्रदान कर किया प्रोत्साहित-** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'क्षितिज अपार संभावनाएं' के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2021-22 में दिव्यांग श्रेणी के 10वीं एवं 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्रा को प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोतरा रेलवे फाटक 8 अप्रैल से सड़क यातायात के लिए पूर्णत: रहेगा बंद

**रायगढ़।** सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलपथ रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि लेवल क्रासिंग गेट संख्या 289 कोतरा रेलवे फाटक कि.मी.-588/13-15 में आर.ओ.बी.का कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त आरओबी को जनसामान्य हेतु सड़क यातायात के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा 31 मार्च 2023 से प्रारंभ कर दिया गया है। अत: कोतरा रेलवे फाटक को 8 अप्रैल 2023 से सड़क यातायात के लिए पूर्णत: बंद कर दिया जाएगा।

### माह अप्रैल में स्कूल संचालन हेतु समय निर्धारित

**रायगढ़।** छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत माह अप्रैल 2023 में शाला संचालन हेतु समय निर्धारित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक पाली में संचालित समस्त शालाएं प्रात:7.30 बजे से पूर्वान्ह 11.30 बजे तक संचालित होंगी। इसी तरह दो पालियों में संचालित समस्त शालाएं जिसके तहत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला की कक्षाएं प्रात: 7.30 बजे से पूर्वान्ह 11.30 बजे तक, हाई एवं हायर सेकेण्डरी शाला की कक्षाएं-पूर्वान्ह 11.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक संचालित होंगी।

### हाइवा की चपेट में आयी बोर्ड पेपर की जांच करने जा रही दो शिक्षिकाएं, एक की मौके पर दर्दनाक मौत, दूसरी की हालत गंभीर

**बालोद (आरएनएस)।** जिले से हादसे की दु:खद खबर सामने आ रही है, यहाँ ग्राम भरदा में दर्दनाक सडक़ हादसे में एक शिक्षिका की मौत हो गई तो वहीं दूसरी शिक्षिका गंभीर रूप से घायल है, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुर विकासखंड के गाँव चंदनबिरही स्कूल में पदस्थ दोनों शिक्षिका बोर्ड पेपर जांचने बालोद आ रही थी, इसी दरमियान गुरुर थाना क्षेत्र बालोद-गुरुर राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम भरदा के पास हाईवा ट्रक की शिकार हो गई। इस घटना मे शिक्षिका नीता बघेल ने मौके पर दम तोड़ दिया, वहीं शिक्षिका मीनू साहू गंभीर रूप से घायल है, जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

# होटल वाले से जबरन वसूली को लेकर मारपीट करने वाले आरोपी पर चौकी खरसिया में कार्यवाही

- पीड़ित की शिकायत पर गैर जमानतीय धाराओं पर एफआईआर दर्ज, आरोपी गया जेल

**रायगढ़।** दिनांक 03.04.2023 को पुलिस चौकी खरसिया प्रभारी उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर द्वारा मौहापाली चौक में चाय नाश्ता होटल लगाने वाले से जबरन विवाद कर 5,000 रूपये मांगने वाले आरोपी पिंटू उर्फ पवन श्रीवास को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक गंजपीछे खरसिया में रहने वाला विरेन्द दास महंत (उम्र 30 वर्ष) आज पुलिस चौकी खरसिया में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी मौहापाली चौक में चाय नाश्ता का दुकान है। रोज की तरह आज भी सुबह करीब 5.00 बजे दुकान खोल कर चाय नाश्ता बिक्री कर रहा था करीब 07.00 बजे दुकान में खरसिया संजय नगर का पिन्टु श्रीवास आया और दुकान चलाने का 5000 रूपये कमीशन दो कहकर बेवजह झगड़ा विवाद करने लगा, रूपये नहीं देने पर पिंटु उत्तेजित होकर गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट किया।

चौकी प्रभारी द्वारा पीड़ित के लिखित आवेदन पर आरोपी पिन्टु श्रीवास के विरूद्ध धारा 327,294,506,323 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर अपने स्टाफ के साथ आरोपी पतासाजी के लिये संजयनगर में दबिश दिये और आरोपी पिंटु उर्फ पवन श्रीवास पिता दीपक श्रीवास उर्फ राजू उम्र 25 साल निवासी संजयनगर खरसिया को गिरफ्तार कर चौकी लाये जिस पर त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को जेएमएफसी खरसिया के न्यायालय न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। आरोपी के कृत्य पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी का जेल वारंट जारी किये जाने पर पुलिस चौकी खरसिया स्टाफ द्वारा आरोपी को जिला जेल रायगढ़ दाखिल कराया गया है।

आरोपी पिंटु श्रीवास झगडालू किस्म का युवक है, पुलिस चौकी खरसिया में आरोपी पिंटु उर्फ पवन श्रीवास पर उसकी पत्नी से मारपीट का अपराध भी दर्ज है। आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी खरसिया एसआई अमिताभ खांडेकर के साथ प्रधान आरक्षक अशोक देवांगन की भी अहम भूमिका रही है।

# तमनार में वृहत रोजगार मेला आज 11 बजे से : 58 उद्योगों के 1180 पदों पर होगी भर्ती

- टेक्निकल और गैर टेक्निकल पदों पर होगी भर्ती
- 'रायगढ़ मितान पोर्टल' पर वेकेंसी की जानकारी देखें और करें पंजीयन
- मेला स्थल पर भी करवा सकते हैं रजिस्ट्रेशन

**रायगढ़।** रायगढ़ में तमनार आज बहुत से युवाओं के सपनो के साकार होने का साक्षी बनेगा। यहां युवाओं के लिए वृहत रोजगार मेला लगने जा रहा है। जिसमें एक ही स्थान पर 58 उद्योगों के प्रतिनिधि मौजूद रहकर करीब 1180 पदों पर भर्ती करेंगे। उद्योग तकनीकी और गैर तकनीकी पदों पर भर्ती करेंगे। यह मेला तमनार के हाईस्कूल मैदान में सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिले में स्थानीय युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर तमनार में वृहत रोजगार मेले का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें जिले और बाहर के उद्योग युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएंगे।

मेले में जिले के विभिन्न उद्योगों के कई टेक्निकल पद जैसे मैकेनिकल इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, शिफ्ट इंचार्ज, फिटर, वेल्डर, मेल्टर, इलेक्ट्रीशियन, लैब असिस्टेंट, केमिस्टए क्रेन एण्ड मशीन ऑपरेटर्स, डाटा एंट्री ऑपरेटर के साथ ही गैर तकनीकी पद जैसे सेल्स एक्जीक्यूटिव, ब्रांच रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव, कस्टमर रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव जैसे पदों पर भी भर्ती ली जाएगी।

**ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से किया जा सकता है रजिस्ट्रेशन**

युवाओं को रोजगार मेले से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा 'रायगढ़ रोजगार मितान वेबपोर्टल बनाया गया है। जिसमें युवा विभिन्न उद्योग, कंपनियों और उनकी रिक्तियों की जानकारी देख सकते हैं एवं पोर्टल में अपना पंजीयन कराकर रोजगार मेले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही टोल फ्री नंबर 9399983879 जारी किया गया है। जिसमें कॉल कर के मेले के संबंध में जानकारी ले सकते हैं। इसके साथ ही क्यूआर कोड भी जारी किया गया है। जिसे स्कैन कर सीधे अपना पंजीयन करवाया जा सकेगा।

**मेला स्थल पर भी करवा सकेंगे पंजीयन**

ऐसे युवा जिनके पास ऑनलाइन माध्यमों से पंजीयन करवाने की सुविधा नही है। वे सीधे मेला स्थल पर फॉर्म भरकर पंजीयन करवा सकते हैं। इसके अलावा ब्लॉक मुख्यालयों में संचालित मुख्यमंत्री यूथ सेंटर में जाकर मेले के लिए अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

# जिले में पहली बार उभयलिंग समुदाय के लिए जारी किया गया राष्ट्रीय पहचान पत्र

- जिले के उभयलिंगी व्यक्तियों का पहली बार हुआ राष्ट्रीय पोर्टल में पंजीयन
- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने उभयलिंगी समुदाय के व्यक्तियों को प्रदान किया राष्ट्रीय पहचान पत्र
- कलेक्टर सिन्हा का रहा बेहद सकारात्मक व्यवहार
- असीम कृपा फाउंडेशन, जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जारी किया गया राष्ट्रीय पहचान पत्र
- उभयलिंगी व्यक्तियों को मिल पाएगी शासकीय योजनाओं का लाभ



**रायगढ़।** जिले में आज पहली बार उभयलिंगी व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय पहचान पत्र जारी किया गया। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट में उभयलिंगी के तृतीय लिंग समुदाय के व्यक्तियों को प्रमाण-पत्र और पहचान पत्र जारी किया। यह प्रमाण पत्र सभी शासकीय प्रयोजनों जैसे राशनकार्ड, पासपोर्ट, आधारकार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि के लिए (तृतीय लिंग वर्ग विशेष हेतु) मान्य होगा। असीम कृपा फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 14 लोगों का राष्ट्रीय पोर्टल में पंजीयन कराकर उनका पहचान पत्र जारी कराया गया था। आज कलेक्टर सिन्हा ने जनदर्शन के दौरान जारी किये राष्ट्रीय पहचान पत्र को उभयलिंगी व्यक्तियों को प्रदान किया। इस दौरान उप संचालक समाज कल्याण आलोक भवाल, असीम कृपा फाउंडेशन के संस्थापक रंजीत चौहान एवं सुदीप मंडल एवं अन्य सभी पदाधिकारी सहित उभयलिंग समुदाय भी मौजूद रहा।

देश की पहली उभयलिंगी महापौर मधुबाई समेत 14 लोगों को आज कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा राष्ट्रीय पहचान पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान समुदाय के व्यक्तियों ने अपनी समस्या को रखते हुए कहा कि वर्तमान में समाज में उनकी स्थिति बेहद दयनीय है। आवाज एवं रोजगार स्वास्थ्य इन सभी क्षेत्रों समुदाय की भूमिका हेतु अपनी मांग रखी। राष्ट्रीय पहचान पत्र जिले में पहली बार समुदाय के व्यक्तियों के लिए बनकर तैयार हुआ है और यह प्रमाण पत्र उभयलिंगी विशेष वर्ग के लिए सभी शासकीय प्रयोजनों के लिए महत्वपूर्ण है तथा इस पत्र से वह समस्त शासकीय सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं। इस संबंध में कलेक्टर सिन्हा का भी बहुत ही सकारात्मक पहल रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने उभयलिंगी समुदाय की व्यक्तियों को राष्ट्रीय पहचान पत्र प्रदान किया और समुदाय के समस्त समस्या के निराकरण के लिये त्वरित अधिकारियों को निर्देश देकर जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया और शासन द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ देने के लिए भी निर्देशित किया।

# भाजपा नेता जितेंद्र पाल के पांच हत्यारे चढ़े पुलिस के हत्थे, अन्य आरोपियों की तलाश जारी



**रायपुर (आरएनएस)।** जिले के तिल्दा नेवरा थाना छेत्र के गांव कुंदरू में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, चार सहित अन्य लोगो ने घर में घुसकर बीजेपी नेता और उसके 16 वर्षीय बेटे पर पत्थर, लाठी-डंडे, चाकू से किये कई वार जिससे बीजेपी नेता जीतेन्द्र पाल की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई तथा उनके पुत्र आयुष का इलाज जारी है।

हत्या एवं जानलेवा हमला करने वाले 4 आरोपियों को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम के सदस्यों द्वारा महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार लिया गया है। पकड़े गए आरोपी आशु उईके, शुभम घोष उर्फ राजा, विकास घोष उर्फ सुभाष घोष, बलराम यादव उर्फ राजा एवं शिव कुमार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 नग कार एवं 01 नग मोटर सायकल जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 147, 148, 149, 294, 506बी, 458, 302, 307 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

# एसएमसी टिभाऊडीह व ग्रामवासियों ने स्वयं के आर्थिक सहयोग से कराया प्राथमिक शाला हेतु अतिरिक्त कक्ष का निर्माण

- मुख्यमंत्री जतन योजना से नवीन भवन की हुई है स्वीकृति, लोगों में हर्ष

**रायगढ़।** किसी भी विद्यालय की प्रगति व शालेय प्रबंधन में सामूहिक सहभागिता महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक विद्यालय में एसएमसी का गठन भी किया जाता है और समिति से अपेक्षा की जाती है कि शाला की आवश्यकता को समझ कर आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करें, किंतु ऐसे बहुत कम ही उदाहरण देखने को मिलते हैं जहां ग्रामवासियों एवं एसएमसी के द्वारा सामुदायिक सहभागिता के वास्तविक अर्थ को चरितार्थ किया जाता है। एक ऐसा ही उदाहरण शासकीय प्राथमिक शाला टिभाऊडीह संकुल केंद्र छर्राटांगर विकासखंड घरघोड़ा में देखने को मिला जहां शासकीय प्राथमिक शाला टिभाउडीह शाला प्रबंधन समिति व ग्राम वासियों ने आगे आकर आर्थिक सहयोग कर विद्यालय हेतु अध्यापन हेतु एक अतिरिक्त कक्षा का निर्माण कराया गया है। शासकीय प्राथमिक शाला टिभाऊडीह के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम कुमार राठिया ने बताया कि संस्था द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि विद्यालय में शाला संचालन के लिए केवल एक अतिरिक्त कक्ष ही उपलब्ध है और एक अतिरिक्त कक्ष की नितांत आवश्यकता विगत दिनों से महसूस की जा रही है। इस स्कूल के लिए पूर्व में बनाया गया भवन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है कक्षा का संचालन एक अतिरिक्त कक्ष में किया जा रहा है। स्कूल एवं अपने बच्चों की इस आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए शाला प्रबंधन समिति टिभाउडीह के समस्त सदस्यों व ग्रामवासियों ने आगे आकर अतिरिक्त कक्ष निर्माण का बीड़ा स्वयं उठाया और सभी ग्रामवासियों, समिति सदस्यों, सरपंच एवं पंचों ने मिलकर इस महती उद्देश्य की पूर्ति के लिए हर किसी ने आर्थिक सहयोग करते हुए अनुमानित राशि लगभग एक लाख से एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया, जिसमें अब शाला का कक्षा का संचालन किया जा रहा है। इस शाला को मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत राशि 16 लाख की स्वीकृति नवीन भवन निर्माण के लिए प्राप्त हुई है, ग्रामवासियों ने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि पिछले 10 से अधिक वर्षो तक कोई भवन न होने के कारण भारी असुविधा हो रही थी, अब नवीन भवन बन जाने के बाद बच्चों को अध्यापन के लिए पर्याप्त भवन उपलब्ध हो जायेगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में निर्मित अतिरिक्त कक्ष के निर्माण हेतु आर्थिक सहयोग व महती प्रयास में एसएमसी टिभाउडीह अध्यक्ष राम कुमार राठिया कोषाध्यक्ष कुष्टो राम राठिया, उपसरपंच राजेंद्र राठिया एसएमसी सदस्य टेस सिंह राठिया, प्रधान पाठक मनोज प्रधान शिक्षक डिलेश्वर प्रसाद राठिया एवं समस्त ग्रामवासी टिभाउडीह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अभियान : मार्च महीने में 22 स्थाई वारंटी समेत 521 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

- एसएसपी रायगढ़ के निर्देशन पर जिले में फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाया जा रहा अभियान
- चक्रधरनगर पुलिस ने एक ही दिन 5 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर पेश किया न्यायालय



**रायगढ़।** एसएसपी सदानंद कुमार जिले में कानून व्यवस्था को लेकर बेहद गंभीर है। उनके द्वारा सभी अधिकारियों को विजिबल पुलिसिंग को फोकस करने निर्देशित कर प्रतिदिन चौक चौराहों पर पुलिस बल लगाकर शहर के भीतर और आऊटर में प्रतिदिन वाहनों की सघन जांच के निर्देश दिए गए हैं। साथी उनके द्वारा आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने थाना, चौकी प्रभारियों को फरार आरोपियों एवं फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के सख्त निर्देश दिये गये हैं। एसएसपी रायगढ़ के मार्गदर्शन पर चलाए जा रहे अभियान के तहत माह मार्च में जिले के विभिन्न थाना, चौकियों में 22 स्थायी वारंटी और 499 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है, माननीय न्यायालय द्वारा लंबे समय से फरार वारंटियों के विरूद्ध जेल वारंट जारी किये जाने पर वारंटियों को जेल दाखिल किया गया है। थाना, चौकियों की टीम अपने-अपने क्षेत्रों में विशेषकर गस्त दौरान वारंटियों की धरपकड़ की जा रही है।

इसी क्रम में कल थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा गस्त दौरान फरार 05 वारंटियों के घर छापेमारी कर उन्हें पकड़ा गया। सभी विविध अपराधों के आरोपित है जिनके विरूद्ध माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट प्राप्त हुआ था। लंबे समय से न्यायालय उपस्थित नहीं होने से उनका वारंट जारी हुआ था, वारंटियों को आज कोर्ट पेश किया गया। गिरफ्तार वारंटियों में धोखाधड़ी मामले का वारंटी- माधव बागवानी पिता टीकमचंद बागवानी साकिन पक्की खोली सिंधी कॉलोनी थाना चक्रधरनगर, आबकारी एक्ट मामले का वारंटी- भवानी राठिया पिता नन्हीं राठिया साकिन सम्बलपुरी थाना चक्रधर नगर तथा छेड़खानी व दिगर अपराध के वारंटी- ओम प्रकाश यादव पिता राधेश्याम यादव साकिन विजयपुर, नानू पटेल उर्फ अर्जुन पिता ललित मालाकार साकिन चांदमारी एवं मंगल खड़िया पिता सुदर्शन खड़िया चक्रधरनगर शामिल हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480